केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 14/08/2025

प्रेस विज्ञप्ति

कोर में नशा मुक्ति शपथ एवं घर-घर तिरंगा अभियान का आयोजन

केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में दिनांक 14 अगस्त, 2025 को भारत को नशा मुक्त बनाने के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत मुख्यालय प्रांगण में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री यतेंद्र कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति शपथ दिलाया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ तथा नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक असर डालती है। कोर का यह अभियान अपने कर्मचारियों को इस बुराई से दूर रहने और एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया है, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया जा सके। यह देश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दिनांक 02 अगस्त से चल रहे घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कोर प्रांगण में भारतीय ध्वज के साथ एक भव्य रैली नकली गई। साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह (IDC-2025) के "स्वच्छता" गतिविधियों के अन्तर्गत सभी अधिरारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता बोर्ड पर अपना हस्ताक्षर कर इस अभियान को सफल बनाया।

उक्त सभी कार्यकर्मों में मुख्य विद्युत इंजीनियर (योजना) श्री एस.एस.नेगी, मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार्य) श्री उपेन्द्र कुमार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री कल्याण सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी-श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज